तीन वर्ष में 2.81 लाख करोड़ बढ़ेगी यूपी की कमाई

■ विशेष संवाददाता

लखनऊ। देश-प्रदेश की आर्थिक व कारोबारी गतिविधियां इसी गति से आगे बढ़ती रहीं तो अगले तीन साल में प्रदेश सरकार की कुल आय (कमाई) में करीब 2.81 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष में सरकार ने कुल आय 683292.74 करोड़ रुपये अनुमानित किया है जो 2026-27 में 964958.04 करोड़ हो जाने का अनुमान है। 2026-27 ऐसा वर्ष होगा जब सरकार की कुल कमाई कुल खर्चे से अधिक रहेगी, सब खर्च करने के बाद भी खजाने में 8300 करोड़ बच जाएंगे।

राजकोषीय पुनःसंरचना नीति-2023 में इस वर्ष के लिए यह अनुमान किया गया है। जिसके मुताबिक 2026-27 में राज्य सरकार को विभिन्न स्त्रोतों से कुल 9 लाख 64 हजार 958 करोड़ रुपये राजस्व मिलेगा। यह धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 की कुल राजस्व प्राप्तियों के अनुमान 6 लाख 83 हजार 292.74 रुपये से 2 लाख 81 हजार 665.3 करोड़ रुपये अधिक होगी। सरकार की कमाई (राजस्व प्राप्ति) में राज्य का अपना कर राजस्व, केंद्रीय करों में राज्यांश, राज्य का करेत्तर राजस्व, केंद्र सरकार से सहायता अनुदान, ऋण एवं अग्रिम की वसूलियां तथा लोक ऋण शामिल है।

2025-26 से कमाई अधिक हो जाएगी: वहीं वर्ष 2026-27 में राज्य सरकार का कुल खर्च (व्यय) 9 लाख 56 हजार 638.76 करोड़ रुपये अनुमानित है जो कि कुल कमाई से 8319.28 करोड़ रुपये कम है। यूपी सरकार की कुल खर्च से कुल कमाई के अधिक होने का क्रम 2025-26 से ही अनुमानित किया गया है। यह पहला वर्ष होगा, जब सरकार की कमाई कुल खर्च से 4394 करोड़ रुपये अधिक होगी।

अभी कमाई से अधिक हैं खर्चे

2023-24 में सरकार के अनुमान के मुताबिक कमाई 6 लाख 83 हजार 292 .74 करोड़ रुपये जबकि कुल खर्च 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये है। चालू वित्तीय वर्ष में सरकार की कमाई के मुकाबले खर्च का भार 6949 करोड़ रुपये अधिक है।



कमाई के मुकाबले खर्च 6949 करोड़ अधिक हैं

कमाई के मुकाबले खर्च 8300 करोड़ कम हैं